दिन–शुक्रवार                                                                 दिनांक– 14 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                     अवधिः– 15 मिनट

---

01. उत्तराखंड के देहरादून में अड़तीसवां राष्ट्रीय खेल सम्पन्न। बिहार की टीम ने एक स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक जीते।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहानाबाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण की घोषणा की। अरवल के कोरियम में बनेगा औद्योगिक क्षेत्र।

03. भाजपा का राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर करारा हमला। पार्टी नेता नितिन नवीन ने कहा – लालू प्रसाद के रिश्तेदार ने उनके शासनकाल में हुये अपराधों का कच्चा चिट्ठा खोला।

04. और, प्रयागराज महाकुम्भ में पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी। दुनिया के किसी भी आयोजन में अब तक इतनी भीड़ नहीं जुटी।

———————————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित अड़तीसवां राष्ट्रीय खेल आज सम्पन्न हो गया। इन खेलों में बिहार के खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुये कुल बारह पदक जीते। इनमें एक स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में बिहार उनतीसवें स्थान पर रहा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

राष्ट्रीय खेलों में बिहार की टीम ने पच्चीस वर्षों के बाद स्वर्ण पदक जीता है। लॉन बाउल्स स्पर्धा में बिहार की महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। लॉन बॉल की एकल पुरूष स्पर्धा में चंदन कुमार को रजत पदक जबकि लेजर रन पुरूष स्पर्धा में कांस्य पदक मिला है। वहीं, तीरंदाजी में अंशिका कुमारी ने भारतीय दिग्गज दीपिका कुमारी के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। तलवारबाजी में आकाश ने फॉइल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर बिहार को इस खेल में पहला पदक दिलाया। तलवारबाजी में राज्य को एक कांस्य पदक भी मिला। वुशु में राज्य के खिलाड़ियों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीते। रग्बी में राज्य की महिला टीम को रजत पदक हासिल हुआ। वहीं, मॉडर्न पेंटाथलॉन टीम ने दो कांस्य पदक जीते, जबकि योगासन में भी राज्य ने रजत पदक हासिल किया। समाचार कक्ष में मैं बैजू कुमार झा।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरन ने कहा कि यह सफलता बिहार के खेल जगत में एक नए युग की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने कहा कि बिहार के खेल इतिहास का यह स्वर्णिम अध्याय आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहानाबाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण की घोषणा की है। आज प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि कल पटना से एक उच्च स्तरीय टीम मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने के वास्ते जहानाबाद आयेगी। श्री कुमार ने बराबर

पर्यटन क्षेत्र का समग्र विकास और जहानाबाद में स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स निर्माण करवाये जाने का भी घोषणा की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जिले के लिए दो सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इधर, अरवल में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने कोरियम में औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स और प्रेक्षागृह का निर्माण करवाने की भी घोषणा की। श्री कुमार ने अरवल में एक सौ ग्यारह करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ चौवालीस योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर करारा हमला बोला है। पार्टी नेता नितिन नवीन ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एनडीए की बिहार में वापसी नहीं होने देने का लालू प्रसाद का बयान हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि वे जिस किसी भी चीज का संकल्प लेते हैं, उसका ठीक उल्टा होता है।

———बाईट———

श्री नवीन ने कहा कि लालू प्रसाद के निकट के रिश्तेदार ने उनके शासनकाल में हुये अपराधों का कच्चा चिट्ठा खोल दिया है।

———बाईट———

———————————————————————————

आयकर विभाग ने फर्जी भर्ती अभियान के प्रति युवाओं को सचेत किया है। बिहार—झारखंड के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त जयंत मिश्रा ने बताया कि आयकर विभाग, पटना में नौकरी के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग में किसी भी तरह की नियुक्ति कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा की जाती है। विभाग में खेल कोटा या किसी अन्य कोटा से संबंधित कोई भर्ती अभियान नहीं चल रहा है।

———————————————————————————

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नवीनतम एपिसोड में पोषण विशेषज्ञों ने छात्रों को दैनिक खान—पान की आदतों और स्वस्थ जीवनशैली के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

———बाईट———

———————————————————————————

आईआईटी पटना का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया जायेगा। केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी दीक्षांत समारोह में

मुख्य अतिथि होंगे। आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी.एन. सिंह ने बताया कि समारोह में कुल सात सौ तेरह छात्रों को उपाधि प्रदान की जायेगी। इनमें एक सौ बत्तीस छात्राएं हैं।

———————————————————————

समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर में कल से तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति डॉक्टर  पी.एस. पांडेय ने बताया कि इस मेले में बिहार सहित देशभर के पांच हजार से अधिक किसान भाग लेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चौबीस फरवरी को भागलपुर के प्रस्तावित दौरे को लेकर स्थानीय टाउन हॉल में पार्टी पदाधिकारियों की आज बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल और संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुये। डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री हवाई अड्डा मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें भागलपुर और आसपास के तेरह जिलों के किसान सहित पांच लाख से अधिक लोग शामिल होंगे।

———————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से.....

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी है। मानव इतिहास में दुनिया का यह पहला आयोजन है जहां इतनी संख्या में लोग प्रत्यक्ष सहभागी बने। पैंतालीस दिनों तक चलने वाले महाकुम्भ के बारह दिन और शेष बचे हैं। उनतीस जनवरी को मौनी आमवस्या के दिन सबसे अधिक सात करोड़ चौंसठ लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। मकर संक्रांति के दिन तीन करोड़ पचास लाख, वसंत पंचमी के दिन दो करोड़ सत्तावन लाख और पौष पूर्णिमा के दिन एक करोड़ सत्तर लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। महाकुम्भ के आज तैंतीसवें दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। कल शनिवार और परसों रविवार को भी भारी भीड़ उमड़ने की सम्भावना है।

———म्यूजिक———

———————————————————————

प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुये रेलवे ने आज से जोगबनी से प्रयागराज के रास्ते टुंडला के लिए एक विशेष ट्रेन की शुरूआत की है। वापसी में यह ट्रेन टुंडला से सोलह फरवरी को रात नौ बजकर चालीस मिनट पर जोगबनी के लिए रवाना होगी। कटिहार रेल मंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह ट्रेन कल भी जोगबनी से टुंडला के लिए चलेगी।

---बाईट---

---

जमुई में किउल–झाझा रेलखंड पर दादपुर रेलवे स्टेशन के पास अप लाईन पर असामाजिक तत्वों ने रेल पटरी को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि रानीकुरा गांव के पास रेलवे ट्रैक को काटने की कोशिश की गयी। पेट्रोलिंग कर रहे कर्मी ने तत्काल इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी। सीनियर सेक्शन मैनेजर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अभी इस रेल लाईन पर ट्रेनों का परिचालन तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि रेल पटरी को तेरह मीटर की लम्बाई में बदलने का काम जारी है।

---

पटना मेट्रो के निर्माण कार्य को देखते हुये दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक फतुहा की ओर से पटना में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि ट्रैफिक जाम के कारण निर्माण कार्य में होने वाली परेशानी को देखते हुये नई व्यवस्था लागू की गयी है।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के औसत न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। इसके चलते ठंड में बढ़ोतरी हुई है। आज दिन में धूप खिलने के बावजूद भी हवा के प्रभाव से कनकनी का असर बना रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले अड़तालीस घंटों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी होगी।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट के सभी संकाय की वार्षिक परीक्षा आज सम्पन्न हो गयी। परीक्षा में बारह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुये।

---

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं कल से शुरू हो रही है। परीक्षा में पटना जोन से लगभग दो लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए राज्यभर में दो सौ से अधिक केन्द्र बनाये गये हैं। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म में परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने का निर्देश दिया है।

---

बोधगया में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और बोधगया मैराथन समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोलह फरवरी को बोधगया मैराथन का आयोजन किया जायेगा। इस मैराथन में मंगोलिया के राजदूत गणबोल्ड दंब जाव मुख्य अतिथि होंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. उत्तराखंड के देहरादून में अड़तीसवां राष्ट्रीय खेल सम्पन्न। बिहार की टीम ने एक स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक जीते।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहानाबाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण की घोषणा की। अरवल के कोरियम में बनेगा औद्योगिक क्षेत्र।

03. भाजपा का राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर करारा हमला। पार्टी नेता नितिन नवीन ने कहा – लालू प्रसाद के रिश्तेदार ने उनके शासनकाल में हुये अपराधों का कच्चा चिट्ठा खोला।

04. और, प्रयागराज महाकुम्भ में पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी। दुनिया के किसी भी आयोजन में अब तक इतनी भीड़ नहीं जुटी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।